जेएसपीएल फाउण्डेशन, जेपीएल तमनार द्वारा 'विश्व जल दिवस' पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन

'05 आर' रिड्यूस, रियूज, रिचार्ज, रिसाइकिल एवं रिस्पेक्ट पर की गई विस्तृत परिचर्चा

तमनार। जेएसपीएल फाउण्डेशन, जेपीएल तमनार द्वारा 'विश्व जल दिवस' 22 मार्च के अवसर पर संयंत्र निकस्थ ग्राम रेगांव, झिंकाबहाल, महलोई, कसडोल, कोड़केल में विभिन्न स्व सहायता समूह की महिलाएँ, शताधिक ग्रामीण जनों एवं बच्चों की उपस्थिति में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित समूह की महिलाओं, ग्रामीण जनों एवम् बच्चों को हमारे जीवन में जल का महत्व और वर्तमान परिपेक्ष्य में इसकी समस्या के बारे में बताया गया। परिचर्चा के दौरान जल से संबंध ''05 आर'' 1. रिड्यूस, 2. रियूज, 3. रिचार्ज, 4. रिसाइकिल एवं 5. रिस्पेक्ट के विषय में विस्तृत परिचर्चा करते



हुए बताया गया कि हमें जल का दुरूपयोग को कम करना, दूषित जल को परिस्कृत कर उसका उपयोग करना। जमीन अंदर के पानी का पूर्नव्यस्थापन करना एवं पानी के प्रत्येक बुंद का सम्मान एवं सदुपयोग करना चाहिए। और यदि जल से संबंधित इन सुत्रों का पालन करने में हम सफल होते हैं तो आने वाले समय में पानी की विकराल समस्या से हम निजात पा सकते हैं। क्योंकि जल के अभाव में प्राणी मात्र का कल्पना करना कठिन है। इसके अभाव से हमारा अस्तित्व ही खतरे में पड़ जायेगा। अतएव जल की एक एक बूंद को बचाए रखने के लिए हमें उपयुक्त उपाय सुनिश्चित करनी चाहिए। जिससे कि आने वाले समय में जल की समस्या से हमें मुक्ति मिल सके। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधी, संबंधित ग्राम सरपंचों व प्रबुद्धों ने 'विश्व जल दिवस' पर अपने अपने मंतव्य व्यक्त किये और जल के समुचित बचाव व प्रबंधन के लिए एकजुट प्रयास करने पर जोर दिये। वहीं श्री ऋषिकेश शर्मा, विभागाध्यक्ष सीएसआर, जेपीएल तमनार ने अपने प्रेषित संदेश में कहा कि हम अपने सामाजिक उत्तरदायित्व निर्वहन के अंतर्गत ग्रामों एवं समुदाय को स्वच्छ जल आपूर्ति के लिए सदैव प्रयासरत रहे हैं। जिसके लिए हमनें क्रेडा के साथ मिलकर विभिन्न ग्रामों में सौर आधारित नलजल व्यवस्था सुनिश्चित किया है।